Seventeenth Loksabha

>

Title: Request the government to take control of the Adarsh Cooperative Society and pay the depositions of this society.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): महोदय, आदर्श कोऑपरेटिव सोसाइटी एक मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी है । यह वित्तीय सोसाइटी है और बीस सालों से काम कर रही थी । 18 अक्तूबर से निवेशकों को भुगतान बंद कर दिया गया है । सोसाइटी ने कारण बताया है कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने खाते सीज कर दिए हैं । मेरा आग्रह है कि पूरे देश के लगभग 20 लाख लोगों का इसमें पैसा अटका हुआ है । सोसाइटी निवेशकों के बचत खातों में पैसा डाल रही है, लेकिन निवेशकों को पैसा नहीं मिल रहा है, क्योंकि सरकार ने एकाउंट सीज किए हुए हैं ।

मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है क्योंकि यह मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी है और यह केंद्र के सोसाइटी मंत्रालय विभाग के तहत आती है, इसलिए सरकार इसे अपने नियंत्रण में लेकर निवेशकों का भुगतान करे और आम जनता को रिलीफ दे ।